Subject - Sociology
Topic - Social change
Study Material for - MDC, SEMESTER-I

सामाजिक परिवर्तन की अवधारणा
Concept of Social change

सामाजिक परिवर्तन से तात्पर्य सामाजिक संरचना, सामाजिक संस्था एवं सामाजिक संबंधों में होने वाले परिवर्तनों से है।

वर्तमान में, अधिकांश समाजशास्त्री, सामाजिक परिवर्तन को प्रत्येक समाज में, जीवन के एक प्राकृतिक, अपरिहार्य व सदा उपस्थित अंग के रूप में मानते हैं।

सामाजिक परिवर्तन के पहलू (Aspects of Social change)

1. सामाजिक परिवर्तन की अवधारणा एक मूल्यरहित (value neutral) अवधारणा है। अर्थात् इसके अंतर्गत, समाज में होने वाले सकारात्मक व नकारात्मक दोनों प्रकार के परिवर्तनों को सम्मिलित किया जाता

जाता है।

~~2. सामाजिक परिवर्तन, सांस्कृतिक~~

2. सामाजिक परिवर्तन, चूंकि सांस्कृतिक परिवर्तन अर्थात मूल्यों, विश्वास, धर्म, नैतिकता आदि में होने वाले परिवर्तनों से घनिष्ठ रूप से जुड़ा है। अतः सामाजिक परिवर्तन को कभी-कभी सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन भी कहा जाता है।

3. सामाजिक परिवर्तन के अंतर्गत समाज में होने वाले लघु स्तरीय व दीर्घ-स्तरीय सभी प्रकार के परिवर्तनों को सम्मिलित किया जाता है। उदाहरण के लिए, इसमें प्रवास दर में परिवर्तन से लेकर आर्थिक संरचना में होने वाले परिवर्तन भी सम्मिलित हैं।